# वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट की बिल्डिंग ढही

**16** लोगों के फंसे होने की आशंका

**03** मंजिला इमारत ढही




**मुंबई, 8 जुलाई. महाराष्ट्र के पुणे जिले में बुधवार को भारी बारिश के बीच एक बड़ा हादसा सामने आया, जब पिंपरी-चिंचवड़ महानगरपालिका क्षेत्र के मोशी इलाके में स्थित वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट की तीन मंजिला प्रशासनिक इमारत अचानक ढह गई. हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई. अधिकारियों के अनुसार, इमारत के मलबे में 15 से 16 श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है.**

घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग, पुलिस और आपदा प्रबंधन टीमों ने मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान शुरू किया. राहत दल भारी मशीनों की मदद से मलबा हटाने और अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं.

लगातार हो रही बारिश के कारण बचाव कार्य में बाधाएं भी आ रही हैं. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि भारी बारिश के कारण परिसर में जमा कचरे का बड़ा हिस्सा खिसक गया, जिसके दबाव में प्रशासनिक भवन को नुकसान पहुंचा और इमारत का हिस्सा गिर गया. हालांकि, हादसे के सही कारणों की पुष्टि विस्तृत जांच के बाद ही हो पाएगी.

### मुंबई से सूरत तक बारिश की मार, शाह ने दिया आश्वासन



**नई दिल्ली.** देश के कई हिस्सों में मानसून ने एक बार फिर अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है. महाराष्ट्र से लेकर गुजरात, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक तक भारी बारिश के कारण लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में बारिश का सबसे ज्यादा प्रभाव देखने को मिला, जहां रेल सेवाएं प्रभावित हुईं और कई इलाकों में पानी भर गया. मुंबई में बुधवार सुबह तेज बारिश और गरज-चमक के बाद शहर की रफ्तार प्रभावित हुई. भारी जलभराव के कारण मध्य रेलवे और पश्चिम रेलवे की लोकल ट्रेनें देरी से चलीं. कई रूटों पर यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा. वसई-विरार सेक्शन में पानी भरने के कारण गुजरात की ओर जाने वाली कई मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ. बारिश और खराब मौसम के कारण कई ट्रेनों को रद्द करना पड़ा, कुछ ट्रेनों की यात्रा बीच रास्ते में समाप्त की गई, जबकि कई ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया.

# राहुल ने साधा केंद्र पर निशाना

- यूजीसी-नेट पेपर लीक पर गरमाई सियासत
- 2.25 लाख रुपये में बेचा जा रहा था पेपर

**नई दिल्ली 08 जुलाई. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यूजीसी-नेट परीक्षा के कथित पेपर लीक के गंभीर आरोपों को लेकर एक बार फिर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है. श्री गांधी ने कहा कि नीट पेपर लीक के कुछ ही सप्ताह बाद अब यूजीसी नीट परीक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं, जो देश की परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर बड़ा संकट है.**

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि परीक्षा से ठीक पहले 100 पन्नों की एक पीडीएफ प्रसारित हुई, जो प्रश्नपत्र तैयार करने से संबंधित



थी और कथित तौर पर केवल राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के पास उपलब्ध हो सकती थी. उन्होंने दावा किया कि इस पीडीएफ के लगभग 90 प्रश्न समाजशास्त्र के वास्तविक प्रश्नपत्र से मेल खाते हैं.

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यही प्रश्नपत्र बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान में 2.25 लाख रुपये में बेचा जा रहा था. साथ ही, इसी नेटवर्क द्वारा सीएसआईआर-नीट, एचटीईटी और एडीए जैसी आगामी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का दावा भी किया गया.

श्री गांधी ने कहा कि नीट और यूजीसी नीट में बार-बार सामने आए कथित घोटालों के बावजूद मोदी सरकार आंखें मूंदकर बैठी है और लाखों छात्रों की वर्षों की मेहनत उसके लिए कोई मायने नहीं रखती. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री से जवाबदेही या प्रभावी कार्रवाई की उम्मीद करना व्यर्थ है। उनके अनुसार, न निष्पक्ष जांच होगी और न ही छात्रों को न्याय मिलेगा. श्री गांधी ने कहा कि बदलाव का एकमात्र माध्यम देशभर के छात्रों की एकजुट आवाज़ है और छात्रों का यह आंदोलन भारत की शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव लाएगा.

# 31 अरब की रिश्वत पर मौत की सजा

**बीजिंग, 08 जुलाई। चीन में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे व्यापक अभियान के तहत एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी को कथित तौर पर 30 वर्षों में लगभग 31 अरब रुपये की रिश्वत लेने के मामले में मौत की सजा सुनाई गई है.**

अदालत ने नानजिंग शहर के आर्थिक विकास विभाग से जुड़े अधिकारी यांग योलिन को रिश्वतखोरी, पद के दुरुपयोग, धनशोधन और सरकारी धन के गबन सहित कई गंभीर आरोपों में दोषी ठहराया. यांग योलिन ने विभिन्न विकास परियोजनाओं को मंजूरी देने, सरकारी भूमि के आवंटन और कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने के बदले लगभग 32.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर की अवैध राशि प्राप्त की. भारतीय मुद्रा में इसकी अनुमानित कीमत करीब 31 अरब रुपये बताई जा रही है.


जांच एजेंसियों के अनुसार यह चीन के भ्रष्टाचार मामलों में सामने आई सबसे बड़ी रिश्वत की रकमों में से एक है. यांग योलिन ने अदालत में अपने अपराध स्वीकार किए और अपने कृत्यों पर पछतावा भी जताया. इसके बावजूद अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्हें मृत्युदंड की सजा सुनाई.

उनकी पूरी निजी संपत्ति जब्त करने और रिश्वत के जरिए अर्जित धन की वसूली के भी आदेश दिए गए हैं. यह कार्रवाई राष्ट्रपति शी चिनफिंग के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के तहत की गई है. इस अभियान के अंतर्गत पिछले कुछ वर्षों में बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिकारियों और सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है. हालांकि, इस अभियान को लेकर कुछ आलोचकों का कहना है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ इसका इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों पर दबाव बनाने के लिए भी किया जाता है.

# भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेज

**नई दिल्ली, 08 जुलाई। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान में मामूली कमी करते हुए इसके 6.4 प्रतिशत पर रहने की संभावना व्यक्त की है और कहा है कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा.**

आईएमएफ ने इससे पहले अप्रैल में जारी विश्व आर्थिक परिदृश्य में मौजूदा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया




था. आज जारी अपडेट में उसने इसमें 0.1 प्रतिशत की कमी की है. इससे पहले अपनी जून की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 6.9 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया था.

आईएमएफ ने अगले वित्त के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है. उसने कहा है कि निजी उपभोग और सेवा क्षेत्र की मजबूती के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार बनी रहेगी. भारत 6.4 प्रतिशत के वृद्धि अनुमान के साथ सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है. निजी उपभोग और सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में मजबूती से इसे समर्थन मिल रहा है. कैलेंडर वर्ष 2026 के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था की विकास दर का अनुमान भी पहले के 3.1 प्रतिशत से घटाकर 3.0 प्रतिशत कर दिया गया है. वहीं, अगले साल का वैश्विक विकास अनुमान 3.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 3.4 प्रतिशत कर दिया गया है.

# आज ओडिशा दौरे पर रहेंगे उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन

**नई दिल्ली, 8 जुलाई. उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन गुरुवार को एक दिवसीय ओडिशा दौरे पर रहेंगे. इस दौरान वह समुद्री मत्स्य संसाधनों के सतत उपयोग, वैज्ञानिक अनुसंधान और उच्च शिक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगे. उनके दौरे के दौरान भुवनेश्वर में मत्स्य क्षेत्र के विकास और विज्ञान शिक्षा को नई गति देने वाली कई पहलों की शुरुआत होगी.**



दौरे की शुरुआत ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम से होगी. यहां उपराष्ट्रपति 'उच्च समुद्री क्षेत्रों में मत्स्य संसाधनों के सतत दोहन' के लिए लेटर ऑफ ऑथराइजेशन जारी करेंगे.

# एआई और आईटी परियोजनाओं को समय पर पूरा करें : डॉ. पंकज

**नई दिल्ली, 08 जुलाई. दिल्ली के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने बुधवार को कहा कि दिल्ली सरकार भविष्य की जरूरतों के अनुरूप मजबूत डिजिटल इकोसिस्टम तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है.**



डॉ. सिंह ने आज यहां सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए आईटी ट्रेनिंग लैब और प्रस्तावित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जैसी प्रमुख डिजिटल परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी परियोजनाओं को तय समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाये ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके. उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार भविष्य की जरूरतों के अनुरूप मजबूत डिजिटल इकोसिस्टम तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है.

आईटी ट्रेनिंग लैब सरकारी अधिकारियों को आधुनिक डिजिटल प्रशासन के अनुरूप आवश्यक तकनीकी कौशल प्रदान करेगी, जबकि एआई प्रशिक्षण उन्हें कृत्रिम बुद्धिमत्ता के व्यावहारिक उपयोग, नवाचार और प्रशासनिक कार्यों में उसके प्रभावी इस्तेमाल से परिचित करायेगा. इससे सरकारी कार्यप्रणाली अधिक दक्ष होगी, निर्णय प्रक्रिया मजबूत बनेगी और नागरिकों को मिलने वाली सेवाएं अधिक सरल, तेज और पारदर्शी होंगी.

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून में बड़े बदलाव की तैयारी

**नई दिल्ली, 8 जुलाई.** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए), 2013 के तहत खासकर अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) के लाभार्थी परिवारों के बीच खाद्यान्न वितरण में लंबे समय से चली आ रही असमानताओं को दूर करने के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (संशोधन) विधेयक, 2026 का मसौदा (ड्राफ्ट) जारी कर दिया है और इस पर आम जनता से सुझाव मांगे हैंमौजूदा व्यवस्था के तहत अंत्योदय अन्न योजना के लाभार्थी, जिन्हें सबसे गरीब परिवारों की श्रेणी में रखा जाता है, उन्हें हर परिवार के लिए हर महीने 35 किलोग्राम खाद्यान्न मिलता है.

# मकान गिरने से एक की मौत, कई लोग लापता

**नई दिल्ली, 08 जुलाई. राजधानी में मंगलवार से रह-रहकर हो रही बारिश के बीच बुधवार शाम रोहिणी में एक पांच मंजिला निर्माणाधीन इमारत जमींदोज हो गई. हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई.**

एल-शेप कोने की इमारत का मलबा सड़क पर आ गिरा. वहां से गुजर रहा एक बाइक सवार मलबे की चपेट में आ गया, जबकि रोड पर खड़ी कई गाड़ियां भी मलबे की चपेट में आ गईं. अफरा-तफरी के बीच फौरन पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दी गई. हादसे के समय इमारत में कई मजदूर काम कर रहे थे. वह मलबे में दब गए. कुछ ही देर बाद पुलिस व दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं. स्थानीय लोगों के साथ मिलकर बचाव का काम शुरू हुआ. मलबे से निकालकर बाइक सवार व दो मजदूरों को नजदीकी अस्पताल भेजा गया. अस्पताल में बाइक सवार को मृत घोषित कर दिया गया जबकि बाकी दो मजदूरों का उपचार जारी है. दूसरी ओर हादसे की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ, डीडीएमए, एमसीडी समेत बाकी बचाव दल मौके पर पहुंच गए.

# सीएम योगी ने डीबीटी से भेजे 1200

- सोनभद्र में शिक्षकों को मिला कैशलेस हेल्थ कार्ड

**सोनभद्रा, 08 जुलाई. सोनभद्र के ओबरा तहसील सभागार में बुधवार को शिक्षा कर्मियों और विद्यार्थियों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं का आयोजन किया गया. मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और रसोइयों को कैशलेस हेल्थ कार्ड वितरित किए गए. कार्यक्रम में 200 से अधिक शिक्षा कर्मियों ने भाग लेकर योजना की शुरुआत के साक्षी बने.**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से लाइव प्रसारण के माध्यम से डीबीटी योजना का शुभारंभ किया. इसके तहत प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावकों के बैंक खातों में सीधे 1200 रुपये की धनराशि भेजी गई. यह राशि बच्चों के लिए यूनिफॉर्म, जूते, मोजे, स्कूल बैग और स्वेटर खरीदने के उद्देश्य से दी गई है.

शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत वितरित कार्ड से लाभार्थियों को सूचीबद्ध अस्पतालों में कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी.



अधिकारियों ने बताया कि इस पहल से शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और रसोइयों को स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के समय आर्थिक राहत मिलेगी. समारोह में सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक के साथ हुए एमओयू की जानकारी भी साझा की गई. इसके अलावा हरित एवं स्वच्छ विद्यालय अभियान में बेहतर कार्य करने वाले चयनित शिक्षकों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि चोपन ब्लॉक प्रमुख लीला देवी गोंड रहीं.

# रहस्य बना पाकिस्तान का बोइंग 737

## 14 घंटे बाद भी नहीं मिला कोई सुराग

**इस्लामाबाद, 08 जुलाई. पाकिस्तान का एक बोइंग 737 कार्गो विमान पिछले 14 घंटे से लापता है. हवाई यातायात नियंत्रण से संपर्क टूटने के बाद से विमान का अब तक कोई पता नहीं चल सका है. इस घटना के बाद पाकिस्तान ने बड़े स्तर पर खोज अभियान शुरू किया है, जिसमें नौसेना, वायुसेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को लगाया गया है.**




विमान में चालक दल के पांच सदस्य सवार बताए जा रहे हैं. विमान बलूचिस्तान प्रांत के ओरमारा तटीय क्षेत्र के पास अरब सागर के ऊपर उड़ान भर रहा था. इसी दौरान उसका हवाई यातायात नियंत्रण से संपर्क टूट गया. इसके बाद से विमान की स्थिति अज्ञात बनी हुई है. आशंका जताई जा रही है कि विमान समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो सकता है, हालांकि इसकी अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है.

विमान के अंतिम संपर्क के बाद पाकिस्तानी नौसेना के युद्धपोत को उस क्षेत्र में भेजा गया है, जहां से विमान का संपर्क टूटा था. वायुसेना के निगरानी विमान भी लगातार समुद्री क्षेत्र की तलाश कर रहे हैं. इसके अलावा एक व्यापारिक जहाज को भी खोज अभियान में शामिल किया गया है, ताकि किसी संभावित मलबे या जीवित बचे लोगों का पता लगाया जा सके.

## आज का इतिहास

1991 - एक सुप्रसिद्ध शायर शेरी भोपाली का निधन

2000 - फिजी में जार्ज स्पीट तथा सैन्य नेताओं के मध्य समझौता सम्पन्न

2001 - भारत द्वारा पाक सीमा पर दो चौकियां स्थापित करने की घोषणा

2002- आर्गेनाइजेशन आफ़ अफ़्रीकन यूनिटी का नाम बदलकर अफ़्रीकन यूनियन किया गया

2004 - एशियाई विकास बैंक ने आतंकवाद से लड़ने हेतु अपने 42 सदस्य देशों के लिए एक कोष बनाया

2008 - ईरान ने लम्बी एवं मध्यम दूरी तक प्रहार क्षमता वाले नौ प्रक्षेपास्त्रों का परीक्षण किया.

# पीयूष गोयल ने मालदीव के व्यापार मंत्री से मुलाकात की

**नई दिल्ली, 08 जुलाई. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को यहां मालदीव के व्यापार मंत्री मोहम्मद सईद से मुलाकात के बाद कहा कि दोनों देशों ने आपस में प्रस्तावित द्विपक्षीय निवेश संधि ( बीआईटी ) और मुक्त व्यापार समझौते की बातचीत तेज करने के लिए अपनी प्रतिबद्धताएं दोहरायी हैं.**

गोयल ने भारत यात्रा पर आये सईद के साथ अपने कार्यालय में हुई इस बातचीत को 'सार्थक और सकारात्मक' बताया और कहा कि 'भारत और मालदीव आर्थिक साझेदारी के एक नए युग में प्रवेश कर रहे हैं.



उन्होंने सईद के साथ इस मुलाकात की फोटो के साथ सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, भारत और मालदीव के बीच राजनयिक संबंधों के 60 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हमने द्विपक्षीय निवेश संधि और प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर जल्द हस्ताक्षर की दिशा में प्रक्रिया तेज करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई.

## हस्तियों के ट्वीट



गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी कि फायरसैट मिशन ने वनाग्नि की निगरानी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है. उन्होंने बताया कि कक्षा में स्थापित होने के मात्र एक वर्ष के भीतर पहले फायरसैट उपग्रह ने ऐसी जंगल की आग का भी पता लगा लिया है, जो मौजूदा उपग्रहों की पकड़ से बाहर थीं.



भारतीय जनता पार्टी के नेता नितिन नवीन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि इंडोनेशिया के प्रम्बानन मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में गूंजा '? नम: शिवाय' भारत की सनातन सांस्कृतिक चेतना का सशक्त प्रतीक है. उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति ने सदियों से सीमाओं और भौगोलिक दूरियों को पार कर विभिन्न सभ्यताओं को जोड़ने का कार्य किया है.

मुलाकात | द्विपक्षीय संबंध बढ़ाने पर जोर

# कुवैत के क्राउन प्रिंस से मिले विदेश मंत्री जयशंकर

**कुवैत, 08 जुलाई. विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार सुबह कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबाह अल-खालिद अल-सबाह से शिष्टाचार मुलाकात की. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से क्राउन प्रिंस को हार्दिक शुभकामनाएं दीं. एस जयशंकर के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर दो तस्वीरों के साथ एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गई.**



उन्होंने भारत-कुवैत द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने की क्राउन प्रिंस की प्रतिबद्धता की सराहना की और खाड़ी क्षेत्र के हालिया घटनाक्रमों पर उनके विचार साझा करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया. विदेश मंत्री एस. जयशंकर छह देशों की अहम यात्रा पर हैं.

दौरे के तीसरे दिन बहरीन होते हुए वो कुवैत पहुंचे, जहां कुवैत के उप विदेश मंत्री हमद सुलेमान मशान अल-मशान ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. जयशंकर ने स्वागत के लिए उप विदेश मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह कुवैत में होने वाली अपनी विभिन्न बैठकों और कार्यक्रमों को लेकर उत्साहित हैं. विदेश मंत्री दस दिवसीय दौरे पर हैं.

यात्रा के तीसरे दिन जयशंकर ने बहरीन के उप प्रधानमंत्री खालिद बिन अब्दुल्ला अल खलीफा से मुलाकात की थी. मंगलवार सुबह हुई इस मुलाकात के दौरान दोनों ने भारत और बहरीन के बीच विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की थी. एस जयशंकर ने एक्स पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी देते हुए कहा, 'मंगलवार सुबह बहरीन के उप प्रधानमंत्री महामहिम खालिद बिन अब्दुल्ला अल खलीफा से मिलकर खुशी हुई. हमने विभिन्न क्षेत्रों में अपने द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की.

## अंजनी कुमार बने यूक्रेन में भारत के नए राजदूत

**नई दिल्ली.** भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अंजनी कुमार को यूक्रेन में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है. विदेश मंत्रालय ने बुधवार को उनकी नियुक्ति की घोषणा की. अंजनी कुमार वर्तमान में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं और जल्द ही यूक्रेन में अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे. अंजनी कुमार वर्ष 2003 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी हैं. लंबे राजनयिक अनुभव वाले अंजनी कुमार ने विदेश मंत्रालय में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली हैं. अब उन्हें यूक्रेन में भारत के प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया है. भारत और यूक्रेन के बीच राजनयिक संबंध वर्ष 1992 में स्थापित हुए थे.

# 12 साल से फरार आसिम अली ढेर

**लखनऊ, 08 जुलाई. अंबेडकर नगर जिले में मुठभेड़ में मारा गया एक लाख का इनामी बदमाश विक्की उर्फ आसिम अली उर्फ नक्शे हसन उर्फ पेंदा कानपुर जिले के बिल्हौर थाना इलाके के मकनपुर गांव का मूल निवासी था. अंतरराज्यीय छैमार गिरोह का कुख्यात बदमाश विक्की अप्रैल 2014 से वांछित था. उस दौरान उसने जौनपुर जिले के एक परिवार पर जानलेवा हमला कर डकैती डाली थी. हमले में घायल तीन लोगों की उपचार के दौरान मौत हो गई थी. विक्की पर उत्तर प्रदेश के नौ जिलों और हरियाणा में गंभीर किस्म की आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के आरोप में 21 मुकदमे दर्ज थे.**

### रेप-हत्या केस का मुख्य आरोपी ढेर

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के कोलकाता के बरुईपुर उपनगर में 11 वर्षीय बच्ची के कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले में मुख्य आरोपी प्रवाश मंडल पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। मंगलवार देर रात आरोपी को अपराध स्थल पर घटनाक्रम का पुनर्निर्माण कराने के लिए ले जाया गया था. इसी दौरान उसने कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी की बंदूक छीनकर भागने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की. गोली लगने से आरोपी गंभीर रूप से घायल हुआ और बाद में उसकी मौत हो गई. प्रवाश मंडल उन तीन आरोपियों में शामिल था जिन्हें 11 वर्षीय बच्ची का शव बरुईपुर के एक तालाब से बोरी में मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया था. अन्य दो आरोपियों की पहचान आनंद सरदार और दिबाकर सरदार के रूप में हुई है.

### रेप आरोपी के एनकाउंटर पर भड़की महुआ मोइत्रा

तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए.



उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि बारुईपुर रेप और हत्या मामले का आरोपी मुठभेड़ में मारा गया है और यह पश्चिम बंगाल को 'उत्तर प्रदेश 2.0' बनाने जैसा है. उन्होंने पुलिस कार्रवाई की आलोचना करते हुए इसे कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल बताया.